PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया


हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, बुधवार 19 अगस्त 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com


## Aligarh News: युवक से रुपये वसूलने वाला सिपाही और चाय वाला गिरफ्तार




रोरावर थाना क्षेत्र में महिला मित्र के साथ घूम रहे एक युवक को पुलिस चौकी ले जाकर डराने-धमकाने और उससे ऑनलाइन माध्यम से हजारों रुपये ऐंठने के आरोपी सिपाही और उसके एक साथी चाय वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोनों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मूल रूप से बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र स्थित पंडित पुरवा धमसी डिहवा नारायणपुर निवासी प्रशांत कुमार शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 10 अगस्त की रात करीब 11 बजे वह कानपुर के स्वरूप नगर निवासी अपनी महिला मित्र महिमा के साथ मेघ विहार सोसाइटी के पास मौजूद थे, जहां आपस में किसी बात को लेकर उनका विवाद हो गया था। आरोप है कि इस दौरान वहां पहुंचे रोरावर थाने के सिपाही अंकित चौधरी ने दोनों को जबरन हिरासत में लिया और जलालपुर चौकी ले गया।

पीड़ित प्रशांत का आरोप है कि चौकी के अंदर सिपाही ने उसे बुरी तरह धमकाया। उसने प्रशांत से उसके घरवालों के नंबर मांगने के साथ ही महिला मित्र के परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी देने और बदनाम करने की धमकी दी। इस दौरान दोनों का वीडियो भी बना लिया गया। पीड़ित के मुताबिक सिपाही उसे चौकी से बाहर ले गया और छोड़ने की एवज में 20 हजार रुपये की मांग की। तुरंत नकदी उपलब्ध न होने पर उसने किसी परिचित से प्रबंध करने को कहा। प्रशांत ने अपनी एक वरिष्ठ महिला मित्र से चार हजार रुपये उधार मंगवाए, जिसके बाद सिपाही द्वारा बताए गए एक क्यूआर कोड पर ऑनलाइन तीन हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए। इसके बाद अगले दिन बाकी पैसे देने की शर्त पर उन्हें छोड़ा गया।

पीड़ित के मुताबिक सिपाही उसे चौकी से बाहर ले गया और छोड़ने की एवज में 20 हजार रुपये की मांग की। तुरंत नकदी उपलब्ध न होने पर उसने किसी परिचित से प्रबंध करने को कहा। प्रशांत ने अपनी एक वरिष्ठ महिला मित्र से चार हजार रुपये उधार मंगवाए, जिसके बाद सिपाही द्वारा बताए गए एक क्यूआर कोड पर ऑनलाइन तीन हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए। इसके बाद अगले दिन बाकी पैसे देने की शर्त पर उन्हें छोड़ा गया। पीड़ित का आरोप है कि 11 अगस्त की सुबह करीब 10:05 बजे सिपाही ने फोन कर उसे फिर से धमकाया। शाम करीब छह बजे उसे नादा चौराहे पर बुलाया गया, जहां उसी क्यूआर कोड के माध्यम से 1500 रुपये और ऑनलाइन ट्रांसफर कराए गए। पीड़ित ने अपनी और अपनी महिला मित्र की बनाई गई वीडियो डिलीट करने का बार-बार अनुरोध किया, लेकिन आरोपियों ने वीडियो डिलीट करने से मना कर दिया। तंग आकर पीड़ित ने पूरे मामले की लिखित शिकायत उच्चाधिकारियों से की, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सीओ संजीव शर्मा ने बताया कि आरोपी सिपाही अंकित चौधरी और इस वसूली में उसका साथ देने वाले चाय वाले सचिन सारस्वत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## Aligarh News: एएमयू की एनसीसी इकाई ने नामांकन के लिए मांगे आवेदन



एएमयू की राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई ने विद्यार्थियों को एएमयू की 1/8 और 2/8 कंपनियों में नामांकन के लिए आमंत्रित किया है। विवि ने कहा है कि एनसीसी से जुड़ने से एसएसबी साक्षात्कार में पात्रता, अग्निवीर तथा अन्य सुरक्षा बलों में आरक्षित सीटों का लाभ, लोक सेवा आयोग और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में वरीयता मिलती है। इच्छुक विद्यार्थी एएमयू परिसर स्थित एनसीसी परिसर में संपर्क कर सकते हैं, जो भूगोल विभाग के सामने है।

## Aligarh News: हर स्कूली बस में अटेंडेंट की उपस्थिति अनिवार्य

**जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए कड़ा रुख अपनाया है। अब हर स्कूली बस में अटेंडेंट की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अनफिट व ओवरलोडिंग स्कूली वाहनों पर सख्ती की जाएगी। कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में स्कूली बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी स्कूली वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप हों और किसी भी वाहन में क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को न बैठाया जाए। अपर जिलाधिकारी नगर किंशुक श्रीवास्तव ने स्पष्ट कहा है कि फिटनेस के बिना कोई भी स्कूली वाहन संचालित नहीं होना चाहिए। यदि अनफिट वाहन सड़क पर चलता हुआ पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि अपने से संबद्ध सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस तत्काल सुनिश्चित कराएं और जो वाहन स्क्रैप हो चुके हैं, उनका आरटीओ पोर्टल पर नियमानुसार अपडेट कराया जाए।**




उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूली वाहनों के चालकों एवं परिचालकों का चरित्र सत्यापन, स्वास्थ्य परीक्षण और नेत्र परीक्षण कराया जाए।

## Aligarh News: अवैध पार्किंग में खड़े वाहनों पर सख्ती, 200 के चालान

**तहसील कोल के बाहर जीटी रोड पर अवैध पार्किंग और लगातार लगने वाले जाम की समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस ने सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े 200 वाहनों के चालान काटे गए और कई वाहनों को जब्त किया गया, जिससे सड़क पर वाहन खड़े करने वालों में खलबली मच गई। अभियान के दौरान तहसील में अपने जरूरी काम से आए कुछ लोगों की पुलिसकर्मियों से नोकझोंक भी हुई। लोगों का कहना था कि तहसील के बाहर पर्याप्त पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस कारण उन्हें मजबूरी में अपने वाहन सड़क के किनारे खड़े करने पड़ते हैं। पुलिस अधिकारियों का तर्क था कि सड़क पर वाहन खड़े होने के कारण जीटी रोड पर आए दिन गंभीर जाम की स्थिति बन रही थी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शों के विरुद्ध भी इस अभियान के तहत कड़ी कार्रवाई की गई। दस्तावेजों और निर्धारित मानकों में कमियां पाए जाने पर कई ई-रिक्शों को सीज कर दिया गया, साथ ही चालकों को भविष्य में यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी गई। एसपी ट्रैफिक प्रवीण कुमार ने बताया कि तहसील कोल के बाहर जीटी रोड पर अवैध पार्किंग की यह समस्या काफी लंबे समय से चली आ रही थी। यातायात व्यवस्था को पूरी तरह सुचारू और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए अवैध पार्किंग के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।**



## RMPSU: एकमुश्त 27 हजार का बोझ, हॉस्टल से छात्र-छात्राओं ने बनाई दूरी, स्टूडेंट्स ने उठाई यह मांग


अब तक छात्रावास के लिए 168 छात्रों ने आवेदन किया है, जबकि छात्रों के लिए 182 सीटें हैं। वहीं छात्राओं के लिए 134 सीटों के सापेक्ष केवल 65 आवेदन आए हैं। एक कमरे में तीन विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था है। ऐसे में छात्राओं के लिए कई कमरे खाली रहने की संभावना है। अलीगढ़ की राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) में छात्रावास के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या सीटों के मुकाबले कम है। छात्रावास का शुल्क एक साथ जमा करना विद्यार्थियों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। छह महीने का मेस शुल्क 17,894 रुपये और एक साल का कमरा किराया 9,500 रुपये एक साथ जमा करने होंगे। विद्यार्थियों को रहने और खाने के लिए कुल 27,484 रुपये एकमुश्त देने पड़ रहे हैं। इसके अलावा पाठ्यक्रम की फीस, किताबें और अन्य खर्च भी होते हैं। विश्वविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास बनाए गए हैं। इनमें छात्रों के लिए 182 और छात्राओं के लिए 134 सीटों की व्यवस्था है। छात्रावास आवंटन के लिए पहले आवेदन मांगे गए थे। इसके बाद 14 अगस्त को उन विद्यार्थियों से दोबारा आवेदन मांगे गए, जो पहले आवेदन नहीं कर पाए थे। आवेदन समर्थ पोर्टल के माध्यम से किए जा सकते हैं। आवेदन के बाद विद्यार्थियों को संबंधित वार्डन से संपर्क करना होगा। दस्तावेजों के सत्यापन और उपलब्ध सीटों के आधार पर कमरा आवंटित किया जाएगा।



**छात्राओं के आवेदन आधे से भी कम**

अब तक छात्रावास के लिए 168 छात्रों ने आवेदन किया है, जबकि छात्रों के लिए 182 सीटें हैं। वहीं छात्राओं के लिए 134 सीटों के सापेक्ष केवल 65 आवेदन आए हैं। एक कमरे में तीन विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था है। ऐसे में छात्राओं के लिए कई कमरे खाली रहने की संभावना है। दोबारा आवेदन मांगे जाने के बाद भी सभी सीटें भरने को लेकर संशय बना हुआ है। छात्रावास एवं मेस शुल्क को लेकर प्रसारित की जा रहीं खबरें भ्रामक एवं तथ्यों से परे हैं। उत्तर प्रदेश के किसी भी राज्य विश्वविद्यालय में छात्रावास शुल्क इससे कम नहीं है। मेस में तीनों समय के भोजन के लिए निर्धारित 99 रुपये प्रतिदिन का शुल्क भी वर्तमान खाद्य सामग्री एवं संचालन लागत को देखते हुए अधिक नहीं है। -प्रबुद्ध सिंह, कुलसचिव

## जनगणना के सवालों पर क्यों भड़की कांग्रेस?: जाति से लेकर जन्मस्थान तक के सवालों पर घमासान; सरकार पर हुई हमलावर




जयराम रमेश ने 2021 में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से दाखिल किए गए हलफनामे का हवाला देते हुए सवाल उठाया कि जब सरकार ने खुद जातियों का रजिस्टर तैयार करने के लिए ड्रॉप-डाउन मेनू जैसे विकल्प की उपयोगिता बताई थी, तो जनगणना 2027 में ऐसा विकल्प क्यों नहीं रखा गया। कांग्रेस के मुताबिक, यदि लोगों को निर्धारित विकल्पों के माध्यम से जाति चुनने की सुविधा दी जाती, तो जातियों से संबंधित आंकड़ों को एक समान प्रारूप में दर्ज करना आसान होता और बाद में डेटा के विश्लेषण में भी सुविधा होती।

**खुले विकल्प को लेकर भी सवाल**

कांग्रेस की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, जनगणना के सवाल-जवाब वाले फॉर्म में जाति बताने के लिए खुला विकल्प रखा गया है। इसके साथ ही व्यक्ति के पास यह विकल्प भी हो सकता है कि वह अपनी जाति नहीं बताना चाहता या खुद को किसी जाति से संबंधित नहीं मानता। कांग्रेस का तर्क है कि इस तरह के खुले विकल्प से जाति संबंधी आंकड़ों को एक

नई दिल्ली। जनगणना 2027 को लेकर केंद्र सरकार और कांग्रेस के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। कांग्रेस ने आगामी जनगणना में पूछे जाने वाले सवालों और खासतौर पर जाति से जुड़ी जानकारी दर्ज करने के तरीके पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी का आरोप है कि जाति संबंधी सवालों की संरचना सही नहीं रखी गई है और इसके पीछे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरकार को घेरा। उन्होंने दावा किया कि जनगणना 2027 में जाति के अलावा धर्म, जन्म तिथि और माता-पिता के जन्म स्थान जैसी विस्तृत जानकारियां मांगी जा रही हैं। कांग्रेस का कहना है कि इस तरह की जानकारियां पहले की जनगणना में इस स्तर पर नहीं मांगी गई थीं।

**जाति के सवाल को लेकर कांग्रेस की सबसे बड़ी आपत्ति**

कांग्रेस ने सबसे ज्यादा आपत्ति जाति की जानकारी दर्ज करने के तरीके पर जताई है। पार्टी का कहना है कि जनगणना में जातियों का डेटा जुटाने के लिए ऐसा तरीका अपनाया जाना चाहिए, जिससे आंकड़े व्यवस्थित और भरोसेमंद तरीके से दर्ज किए जा सकें।

समान रूप में जुटाने में कठिनाई आ सकती है। पार्टी इसी आधार पर सरकार से सवाल कर रही है कि जब पहले ड्रॉप-डाउन मेनू जैसे विकल्प की बात कही गई थी, तो अब उसे क्यों नहीं अपनाया गया।

**धर्म और माता-पिता से जुड़ी जानकारी पर भी विवाद**

जाति के अलावा धर्म और परिवार से जुड़ी जानकारी को लेकर भी कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। जयराम रमेश ने जिस मीडिया रिपोर्ट को साझा किया, उसमें दावा किया गया है कि जनगणना 2027 के दौरान माता-पिता दोनों के धर्म, जन्म तिथि और जन्म स्थान से संबंधित जानकारी भी दर्ज की जा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह जानकारी गांव के स्तर तक दर्ज किए जाने की बात सामने आई है। कांग्रेस ने इसी को आधार बनाकर सवाल किया है कि जनगणना के दौरान इतनी विस्तृत व्यक्तिगत जानकारी जुटाने की जरूरत क्यों महसूस की जा रही है। हालांकि, इन सवालों को लेकर कांग्रेस की आपत्तियां राजनीतिक आरोपों के रूप में सामने आई हैं। पार्टी ने सरकार से जनगणना की प्रक्रिया और सवालों के उद्देश्य को लेकर स्पष्टता की मांग की है।

**जयराम रमेश ने लगाए गंभीर आरोप**

जयराम रमेश ने जनगणना 2027 में जाति के सवाल पूछने के तरीके को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए इसे जानबूझकर गलत तरीके से तैयार किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने धर्म, जन्म तिथि और माता-पिता के जन्म स्थान से संबंधित सवालों को भी असामान्य रूप से विस्तृत बताया। रमेश ने जनगणना की गोपनीयता का जिक्र करते हुए सरकार की मंशा पर भी सवाल उठाए और कहा कि इसके पीछे कोई गंभीर उद्देश्य हो सकता है। कांग्रेस के इस बयान के बाद जनगणना का मुद्दा एक बार फिर राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गया है।

**2021 के सुप्रीम कोर्ट हलफनामे को बनाया आधार**

कांग्रेस ने अपनी आपत्ति को मजबूत करने के लिए 21 सितंबर 2021 को केंद्र सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे का हवाला दिया है। जयराम रमेश ने हलफनामे के पैरा 12(d) का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें जातियों का रजिस्टर तैयार करने के संदर्भ में ड्रॉप-डाउन मेनू का सुझाव दिया गया था। कांग्रेस का कहना है कि सरकार ने उस समय खुद माना था कि जातियों को चुनने के लिए व्यवस्थित विकल्प उपलब्ध कराने से अधिक भरोसेमंद आंकड़े जुटाए जा सकते हैं। अब कांग्रेस का सवाल है कि जब यही विचार पहले सरकार के हलफनामे में सामने आया था, तो 2027 की जनगणना की प्रक्रिया में इसे क्यों नहीं रखा गया।

**जाति जनगणना पर पहले भी सरकार को घेर चुकी है कांग्रेस**

जाति जनगणना का मुद्दा कांग्रेस के लिए नया नहीं है।

# किसान ने खुद को लगाई आग:

## तमाशबीन बने रहे अफसर, दरोगा बनाता रहा वीडियो; चहारदीवारी गिराने से रिश्वत तक की कहानी




शामली में जमीन विवाद में किसान ने खुद को आग लगा ली। किसान की हालत गंभीर बनी हुई है। किसान के परिजन का आरोप है कि सदर तहसील कानूनगो ने चहारदीवारी नहीं गिराने के बदले 50 हजार रुपये की मांग की थी। नहीं देने पर प्रशासन की टीम गिराने पहुंच गई। चहारदीवारी का विवाद था। मामला कोर्ट में चल रहा है।यूपी के शामली के गोहरनी गांव में भूमि के विवाद में चहारदीवारी हटाने पहुंची राजस्व और पुलिस टीम के सामने किसान आदित्य (22) ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। किसान ने कानूनगो पर 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां से दिल्ली रेफर कर दिया गया। गोहरनी गांव निवासी किसान आदित्य का परिवार के सदस्यों से 1.0256 हेक्टेयर भूमि को लेकर एसडीएम न्यायालय में वाद चल रहा है। सोमवार की शाम को कानूनगो अमरीश शर्मा और राजस्व विभाग की टीम के अन्य सदस्य गांव पहुंचे और चहारदीवारी को गिरवाने का प्रयास करने लगे। आदित्य और उसके परिवार ने विरोध किया। आदित्य के परिजनों का आरोप है कि सदर तहसील कानूनगो ने चहारदीवारी नहीं गिराने के बदले 50 हजार रुपये की मांग की थी। नहीं देने पर प्रशासन की टीम गिराने पहुंच गई। आदित्य का परिवार प्रशासन से चहारदीवारी हटाने का आदेश मांग रहा था। उनके अनुसार उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। हंगामे के दौरान किसान आदित्य ने बोतल से ज्वलनशील पदार्थ निकालकर खुद पर उड़ेला और आग लगा ली। आदित्य के पिता मनोज ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। एसडीएम सचिन राजपूत का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। कानूनगो अमरीश शर्मा का कहना है कि रिश्वत मांगने का आरोप बेबुनियाद है। जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम आदित्य के यहां कार्रवाई के लिए गई थी।

**किसान का वीडियो बनाता रहा दरोगा**

शामली के गोहरनी गांव के पास भूमि विवाद में किसान आदित्य द्वारा खुद को आग लगाने के बाद ही उसके परिजन और ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़े। आरोप है कि मौके पर मौजूद तहसीलदार, कानूनगो और राजस्व टीम के अन्य सदस्य तमाशबीन बने रहे। वहीं, आदर्श मंडी थाने का एक दरोगा मोबाइल से वीडियो बनाने में व्यस्त रहा। आग लगाने के दौरान का 4.50 मिनट के वायरल हो रहे वीडियो में किसान आदित्य आग से घिरा हुआ है। मौके पर तहसीलदार राहुल सिंह, कानूनगो अमरीश शर्मा और राजस्व टीम के अन्य सदस्य हाथ बांधे हुए खड़े हैं। आदित्य के पिता और अन्य लोग आग बुझाने के प्रयास में जुटे हुए है। जिलाधिकारी आलोक यादव ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। आत्महत्या का प्रयास करने वाले किसान आदित्य के फूफा देशपाल सिंह ने बताया कि आदित्य और उसके पिता मनोज कुमार मामले को लेकर सोमवार को सहारनपुर में कमिश्नर से मिले थे।

# बदायूं में भीषण हादसा:

## गंगा एक्सप्रेसवे पर कुत्ता सामने आने से पलटी कार, दो महिलाओं समेत तीन की मौत, छह घायल



बदायूं के वजीरगंज थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार देर रात करीब तीन बजे किमी नंबर 175 के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समेत सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। एक घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। कार चालक के मुताबिक अचानक कुत्ता सामने आने से हादसा हुआ है। मौके पर कुत्ता भी मरा पड़ा मिला। कार की स्थिति देखने से लग रहा है कि पलटने के दौरान कार ने कई पलटी खाई। इसके चलते कार चारों ओर से काफी क्षतिग्रस्त हुई है। माना जा रहा है कि कार की रफ्तार काफी तेज रही होगी। पुलिस के अनुसार, अर्टिगा गाड़ी CH02AA4318 में चालक समेत नौ लोग सवार थे। सभी अलग-अलग परिवारों के बताए जा रहे हैं।

ये कार रुपैडिया नेपाल से चंडीगढ़ जा रही थी। किमी नंबर 175 के पास अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार पलट गई।

**ये लोग हुए हादसे का शिकार**

हादसे में नेपाल के जिला डांग निवासी दीपना खात्री (32 वर्ष) पत्नी नेमबहादुर और विपना सुनमगर (32) पत्नी विशाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक दीपक ओली (28), पुष्पा (40), ज्ञान बहादुर मल्ल (22), यादव पोडे (22), विनोद (2), सिमोन (10) और एक अज्ञात व्यक्ति घायल हुआ है।सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। जहां अज्ञात घायल ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों को सीएचसी वजीरगंज में रखवाकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक मृतका विपना सुनमगर के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। दुर्घटनाग्रस्त कार को एक्सप्रेसवे के रेस्ट एरिया में खड़ा करा दिया गया है।

# 275 किलो का शरीर, सांसों पर संकट:

## किशोर की बैरिएट्रिक सर्जरी हुई, 52 किलो वजन घटा; स्लीप एपनिया से था पीड़ित




किशोर का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) करीब 100 तक पहुंच गया था। वह सांस लेने में गंभीर परेशानी, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया और त्वचा के गंभीर संक्रमण से जूझ रहा था। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों ने करीब 275 किलो वजन वाले 16 वर्षीय किशोर की सफल बैरिएट्रिक सर्जरी की है। अस्पताल के अनुसार, सर्जरी के करीब दो महीने बाद किशोर का वजन घटकर 223 किलो रह गया है। यानी उसके वजन में 52 किलो की कमी आई है।किशोर का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) करीब 100 तक पहुंच गया था। वह सांस लेने में गंभीर परेशानी, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया और त्वचा के गंभीर संक्रमण से जूझ रहा था। किशोर की हालत इतनी गंभीर थी कि उसे सामान्य कार से अस्पताल लाना संभव नहीं था। परिवार उसे मेटाडोर से अस्पताल लेकर पहुंचा। अस्पताल पहुंचने के बाद उसे करीब दो सप्ताह तक पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू) में रखा गया। इस दौरान सांस लेने सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को नियंत्रित किया गया और उसे सर्जरी के लिए तैयार किया गया।किशोर का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) करीब 100 तक पहुंच गया था। वह सांस लेने में गंभीर परेशानी, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया और त्वचा के गंभीर संक्रमण से जूझ रहा था। किशोर की हालत इतनी गंभीर थी कि उसे सामान्य कार से अस्पताल लाना संभव नहीं था। परिवार उसे मेटाडोर से अस्पताल लेकर पहुंचा। अस्पताल पहुंचने के बाद उसे करीब दो सप्ताह तक पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू) में रखा गया। इस दौरान सांस लेने सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को नियंत्रित किया गया और उसे सर्जरी के लिए तैयार किया गया।

**पेट का आकार किया छोटा**

किशोर की लैप्रोस्कोपिक स्लीव गैस्ट्रेक्टोमी की गई। इसमें पेट का एक बड़ा हिस्सा निकालकर उसका आकार छोटा किया जाता है। इससे कम भोजन में पेट भरा हुआ महसूस होता है और वजन कम करने में मदद मिलती है। ऑपरेशन सर गंगा राम अस्पताल के इंस्टीट्यूट ऑफ मिनिमल एक्सेस, मेटाबोलिक एंड बैरिएट्रिक सर्जरी की टीम ने किया। लीड बैरिएट्रिक सर्जन डॉ. दक्ष सेठी ने बताया कि मरीज की उम्र, वजन और गंभीर स्लीप एपनिया को देखते हुए ऑपरेशन के प्रत्येक चरण की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई।

**तीन दिन बाद मिली छुट्टी**

अत्यधिक वजन के कारण सर्जरी के दौरान कई तकनीकी चुनौतियां आईं, लेकिन ऑपरेशन सफल रहा। सर्जरी के तीन दिन बाद किशोर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉक्टरों के अनुसार, इलाज का उद्देश्य केवल वजन कम करना नहीं, बल्कि उसकी चलने-फिरने की क्षमता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना भी है। वजन कम होने से स्लीप एपनिया में सुधार और हृदय व मेटाबॉलिज्म से जुड़ी समस्याओं का खतरा कम करने में मदद मिल सकती है।

# Delhi: करोड़ों रुपये खर्च

## करने के बाद भी न साफ हो सकी दिल्ली की हवा और न सुधरी यमुना की सेहत, कई सिफारिशें




समिति ने कहा कि दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी होने का दुर्भाग्यपूर्ण दर्जा रखती है, जबकि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद प्रदूषित यमुना में भी ठोस सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।दिल्ली की हवा और यमुना की हालत सुधारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सुधार नहीं होने पर संसद की स्थायी समिति ने गंभीर चिंता जताई है। समिति ने कहा कि दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी होने का दुर्भाग्यपूर्ण दर्जा रखती है, जबकि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद प्रदूषित यमुना में भी ठोस सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। समिति ने वैज्ञानिक संस्थानों से कहा है कि उनकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल अब सीधे हवा और पानी के प्रदूषण से निपटने में किया जाए। राज्यसभा की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संबंधी विभागीय स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में ये टिप्पणी की है। समिति ने वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की दो प्रयोगशालाओं जिसमें केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन, चंडीगढ़ और जीनोमिक्स एवं समेकित जीव विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के कामकाज की समीक्षा की थी।

**आपके पास संसाधन, उसका सही उपयोग करिए**

समिति ने केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन से कहा कि आपके पास सेंसर बनाने, पर्यावरण की निगरानी करने, वास्तविक समय में आंकड़े जुटाने और वैज्ञानिक विश्लेषण की क्षमता है। ऐसे में इस क्षमता को दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण और यमुना जैसे प्रदूषित नदी क्षेत्रों की समस्या के समाधान में लगाया जाना चाहिए। समिति ने केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन से कहा है कि वह हवा साफ रखने, यमुना जैसी प्रदूषित नदियों की सफाई करने वाली तकनीक और पर्यावरण की स्थति पर लगातार नजर रखे वाले आधुनिक उपकरण तैयार करें। देश में ही इसे विकसित करें। समिति ने कहा कि संस्था के पास पहले से सेंसर, पर्यावरणीय उपकरण, वास्तविक समय में निगरानी और वैज्ञानिक विश्लेषण की क्षमता है। इसलिए इस क्षमता का इस्तेमाल लोगों की रोजमर्रा की समस्या से निपटने में होना चाहिए।

**वैज्ञानिकों ने बताया- प्रदूषण मापने की तकनीक पर काम चल रहा**

समिति की सिफारिश के जवाब में केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन ने बताया कि उसके वैज्ञानिक पर्यावरण प्रदूषण से निपटने के लिए कई तकनीकों पर काम कर रहे हैं। संस्थान ने गैस निगरानी प्रणाली विकसित की है। इससे मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड और अमोनिया जैसी गैसों की निगरानी की जा सकती है। संस्थान का कहना है कि इसका इस्तेमाल पराली जलाने से निकलने वाली गैसों की निगरानी में भी किया जा सकता है। इसके अलावा चेन्नई स्थित केंद्र ने दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव पर दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

**धूल रोकने की तकनीक तैयार, कीमत एक से छह लाख रुपये**

संस्थान ने धूल को नियंत्रित करने के लिए इलेक्ट्रोस्टैटिक छिड़काव तकनीक भी विकसित की है। इसके बारे में भी समिति को जानकारी दी गई। इसमें बहुत छोटे पानी के कणों पर विद्युत आवेश दिया जाता है। ये कण धूल के कणों के संपर्क में आकर उन्हें दबाने में मदद करते हैं। संस्थान के अनुसार यह तकनीक खास तौर पर ऐसी बारीक धूल को नियंत्रित करने में उपयोगी है जो सांस के साथ शरीर के भीतर जा सकती है। इसका एक फायदा यह है कि धूल दबाने में पानी और प्राकृतिक संसाधनों की खपत कम की जा सकती है।

# Delhi: गाजीपुर मंडी के सड़े-गले कचरे से रोज बनेगी

## 200 केवी बिजली, पांच साल के लिए निजी एजेंसी संभालेगी प्लांट




योजना के तहत रोज 15 टन गीला कचरा प्लांट में पहुंचाया जाएगा। पहले कचरे से प्लास्टिक, पत्थर और दूसरे अजैविक पदार्थ अलग किए जाएंगे। उसके बाद क्रशर और श्रेडर से कचरे को बारीक कर डाइजेस्टर में डाला जाएगा। बायोगैस के साथ जैविक खाद यानी स्लरी भी तैयार होगी।गाजीपुर फल, सब्जी और फूल मंडी से निकलने वाला सड़ा-गला जैविक कचरा अब दिल्ली को रोशन करेगा। दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड ने 15 टन प्रतिदिन क्षमता वाले बायो-मेथेनेशन प्लांट को पूरी क्षमता से चलाने की तैयारी की है। इससे रोज 200 किलोवाट पर्यावरण अनुकूल बिजली तैयार होगी। प्लांट के संचालन और रखरखाव के लिए पांच साल की योजना के तहत निजी एजेंसी का चयन किया जाएगा। इसके लिए 20 अगस्त तक ऑनलाइन प्रस्ताव मांगे गए हैं।योजना के तहत रोज 15 टन गीला कचरा प्लांट में पहुंचाया जाएगा। पहले कचरे से प्लास्टिक, पत्थर और दूसरे अजैविक पदार्थ अलग किए जाएंगे। उसके बाद क्रशर और श्रेडर से कचरे को बारीक कर डाइजेस्टर में डाला जाएगा। बायोगैस के साथ जैविक खाद यानी स्लरी भी तैयार होगी।

**बीएआरसी की तकनीक से बनेगी बिजली**

गाजीपुर का प्लांट भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र की निसर्गरुना तकनीक पर आधारित है। इसमें दो प्रीडाइजेस्टर और दो मुख्य डाइजेस्टर लगाए गए हैं। कचरे से बनने वाली बायोगैस को बिजली उत्पादन के लिए इस्तेमाल करने से पहले शुद्ध किया जाएगा। इसके लिए हाइड्रोजन सल्फाइड हटाने की विशेष व्यवस्था है। यह प्रणाली गैस में मौजूद हानिकारक एच2एस का स्तर 1500 पीपीएम से घटाकर 200 पीपीएम से भी कम करेगी।

**200 किलोवाट क्षमता के इंजन से उत्पादन**

शुद्ध की गई बायोगैस से 200 किलोवाट क्षमता के टेडोम इंजन की मदद से बिजली बनाई जाएगी। प्लांट में संयुक्त बिजली और ऊष्मा उत्पादन इकाई के जरिए करीब 35 प्रतिशत विद्युत दक्षता हासिल करने का लक्ष्य है। मंडी के कचरे का इस्तेमाल सीधे ऊर्जा उत्पादन में किया जाएगा।

**कचरे की फीडिंग का भी रखना होगा रिकॉर्ड**

एजेंसी को रोजाना मंडी से कचरा लेने, उसकी छंटाई, प्लांट में फीडिंग और परिसर की सफाई का पूरा रिकॉर्ड रखना होगा। बोर्ड ने ठेका प्रक्रिया में अनुभव की शर्त भी रखी है। पिछले सात वर्षों में संबंधित क्षेत्र में बेहतर अनुभव रखने वाली कंपनियों को ही प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

**मरम्मत और रिसाव रोकना निजी एजेंसी की जिम्मेदारी**

दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड ने प्लांट को सुचारु रूप से चलाने के लिए निजी एजेंसी की जिम्मेदारी तय करने की तैयारी की है। चयनित एजेंसी पांच साल तक प्लांट के संचालन के साथ सिविल और विद्युत-यांत्रिक रखरखाव की जिम्मेदार होगी। इसमें ढांचे की मरम्मत, रिसाव रोकना, ब्लोअर, गैस बैलून और इंजन कक्ष का रखरखाव शामिल रहेगा।



# Abu Al-Duhur Airbase: अबू अल-दुहूर एयरबेस पर इस्राइली हमले से तनाव, UAE ने बताया- क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा




सीरिया के इदलिब प्रांत स्थित अबू अल-दुहूर एयरबेस पर इस्राइली हवाई हमलों के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया है। UAE ने हमलों को सीरिया की संप्रभुता, अंतरराष्ट्रीय कानून और 1974 के डिसइंगेजमेंट एग्रीमेंट का उल्लंघन बताते हुए कड़ी निंदा की है। इस्राइल ने अपने कदम को सुरक्षा संबंधी चिंताओं से जोड़ा है, जबकि अमेरिका ने हमलों को अनावश्यक रूप से तनाव बढ़ाने वाला बताया है। सीरिया, जॉर्डन, कतर और तुर्की ने भी अलग-अलग तरीके से हमलों पर आपत्ति जताई है।

**UAE ने इस्राइल के हमलों को बताया संप्रभुता का उल्लंघन**

एक बयान में UAE के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस्राइली हमलों की 'कड़े शब्दों में निंदा' करता है। मंत्रालय ने ऐसी किसी भी कार्रवाई को पूरी तरह खारिज किया, जो सीरिया की सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा पैदा करती हो। मंत्रालय ने कहा, 'UAE सीरिया की संप्रभुता के किसी भी उल्लंघन या उसकी सुरक्षा और स्थिरता के लिए पैदा किए जा रहे खतरों को पूरी तरह से खारिज करता है।'

**1974 के समझौते का हवाला देकर इजरायल पर निशाना**

UAE के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीरियाई क्षेत्र में इस्राइल की ओर से लगातार किए जा रहे हमले 'अंतरराष्ट्रीय कानून' और सीरिया तथा इस्राइल के बीच 1974 में हुए 'डिसइंगेजमेंट एग्रीमेंट' यानी सेनाओं की वापसी संबंधी समझौते का 'खुला उल्लंघन' हैं। मंत्रालय ने कहा, 'मंत्रालय ने सीरिया की स्थिरता और क्षेत्रीय अखंडता के समर्थन में UAE के अडिग रुख को दोहराया। साथ ही, सीरियाई लोगों के साथ एकजुटता जताई और सुरक्षा, शांति, सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व तथा विकास की उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से किए जा रहे सभी प्रयासों के लिए समर्थन व्यक्त किया।'

**अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तत्काल हस्तक्षेप की अपील**

UAE ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सीरियाई क्षेत्र पर बार-बार हो रहे हमलों को रोकने और तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने का भी आह्वान किया। अबू धाबी ने चेतावनी दी कि इस तरह की कार्रवाइयों से क्षेत्रीय तनाव बढ़ सकता है और क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। बयान में कहा गया, 'UAE ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सीरियाई क्षेत्र पर बार-बार हो रहे हमलों को रोकने और तनाव को बढ़ने से रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। साथ ही, ऐसी किसी भी कार्रवाई को रोकने की अपील की, जो क्षेत्रीय तनाव को बढ़ा सकती है और क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती है।'

**नेतन्याहू कार्यालय ने बताया 'यथास्थिति' का मामला**

यह बयान इदलिब में अबू अल-दुहूर एयरबेस पर इस्राइली हमलों की खबरों के बाद आया। हमलों के बाद इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि इस्राइल और सीरिया सुरक्षा मामलों में 'यथास्थिति' बनाए रखने पर सहमत हुए थे। एक्स पर एक पोस्ट में नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि सीरिया अलेप्पो के पास एक एयरबेस पर तुर्की सैनिकों को तैनात करने की अनुमति देकर इस समझौते को तोड़ने की कगार पर था।

**इस्राइल बोला- अपनी सुरक्षा के लिए खतरे बर्दाश्त नहीं करेंगे**

बयान में कहा गया, 'इस्राइल और सीरिया सुरक्षा मामलों में यथास्थिति बनाए रखने पर सहमत हुए थे, जिसे सीरिया अलेप्पो के पास एक एयरबेस पर तुर्की सैनिकों को तैनात करने की अनुमति देकर तोड़ने की कगार पर था।'इसमें आगे कहा गया,'इस्राइल अपनी सुरक्षा के लिए खतरों को बर्दाश्त नहीं करेगा और यथास्थिति की वापसी का स्वागत करेगा।'

**सीरिया, जॉर्डन और कतर ने भी की निंदा**

इससे पहले, सीरिया ने इन हमलों के बाद इजरायल पर अपनी संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। वहीं, जॉर्डन और कतर ने भी हमलों की निंदा की। तुर्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में कार्रवाई करने की अपील की।

**चार हवाई हमलों में निशाना बना एयरबेस**

अबू अल-दुहूर एयरबेस को चार हवाई हमलों में निशाना बनाया गया। दिसंबर 2024 में सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार गिरने के बाद से इस सैन्य ठिकाने पर यह पहला हमला बताया जा रहा है।

**अमेरिकी दूत ने हमलों को बताया तनाव बढ़ाने वाला कदम**

इस बीच, सीरिया और इराक के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत टॉम बैरक ने इजरायली हवाई हमलों पर चिंता जताई और इन्हें 'बेवजह तनाव बढ़ाने वाला कदम' बताया। बैरक ने कहा कि हमें इस बात की गहरी चिंता है कि अबू अल-दुहूर एयरबेस पर इजरायल के हवाई हमले बेवजह तनाव बढ़ाने वाले हैं और इनसे इलाके में स्थिरता नहीं आएगी।"

# US-South Korea: तय समय से पहले खत्म होगा अमेरिका-दक्षिण कोरिया का सैन्य अभ्यास; क्या है ट्रंप के फैसले की वजह?

**US-South Korea: अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त सैन्य अभ्यास को तय समय से पहले खत्म करने का फैसला किया। उत्तर कोरिया ने अभ्यास में कटौती के बावजूद इसका विरोध जारी रखा है और सैन्य खतरे को बेअसर करने की धमकी दी। क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले से कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव कम होगा? अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच इस हफ्ते की शुरुआत में शुरू हुआ संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' (यूएफएस) तय समय से पहले खत्म किया जाएगा। अभ्यास के तहत होने वाला मैदानी प्रशिक्षण भी कम किया जाएगा। दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योनहाप ने सेना के हवाले से इसकी पुष्टि की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में इस सैन्य अभ्यास का आकार घटाने की बात कही थी, जिसके बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। योनहाप के मुताबिक, दोनों देशों की सेनाओं ने सैन्य अभ्यास को शुक्रवार तक खत्म करने पर सहमति जताई है। इससे अभ्यास की अवधि करीब आधी रह जाएगी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने एक बयान में यह जानकारी दी। यूएफएस सैन्य अभ्यास 17 से 27 अगस्त तक चलने वाला था। ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के मुताबिक, सैन्य अभ्यास का एक अहम हिस्सा मैदानी प्रशिक्षण भी कुछ हद तक कम किया जाएगा। दोनों देशों की सेनाओं के बीच इसको लेकर बातचीत चल रही है। जल्द ही इसकी पूरी योजना तय की जाएगी। उन्होंने कहा, दक्षिण कोरिया और अमेरिका यूएफएस अभ्यास के उद्देश्यों को हासिल करने और दोनों देशों की सेनाओं की मजबूत संयुक्त रक्षा व्यवस्था बनाने के लिए आगे अलग-अलग कदमों पर चर्चा करने और उन्हें लागू करने पर सहमत हुए हैं।**



**अभ्यास के दूसरे चरण में क्या होना था?**

योनहाप के मुताबिक, अमेरिका और सिओल ने अभ्यास के दूसरे हिस्से को कथित तौर पर रद्द कर दिया है। इस हिस्से में दुश्मन के हमले के बाद जवाबी हमला करने की स्थिति का प्रशिक्षण होना था। समाचार एजेंसी ने बताया कि यूएफएस का मुख्य उद्देश्य उत्तर कोरिया से जुड़े संभावित खतरों से निपटने की तैयारी करना है। उसने यह भी बताया कि 2019 में ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भी अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के आकार को कम किया गया था। उस समय उत्तर कोरिया के साथ परमाणु मुद्दे पर बातचीत अपने सबसे अहम दौर में थी।

**इस बार अभ्यास में क्या खास था?**

इस बीच, सीएनएन ने दक्षिण कोरिया में तैनात अमेरिकी सेना के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि इस साल के सैन्य अभ्यास को उत्तर कोरिया की बदलती सैन्य क्षमताओं के हिसाब से तैयार किया गया था। इसमें ड्रोन, जीपीएस व्यवस्था में रुकावट और साइबर हमलों से निपटने का प्रशिक्षण भी शामिल किया जाना था। इस सैन्य अभ्यास में कम से कम 18 हजार दक्षिण कोरियाई सैनिकों के शामिल होने की उम्मीद थी। हालांकि, इन बदलावों के बावजूद उत्तर कोरिया ने बुधवार को संयुक्त सैन्य अभ्यास की निंदा जारी रखी। योनहाप ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया कि उत्तर कोरिया ने सैन्य अभ्यास कम किए जाने के बाद भी इसका विरोध किया।


**उत्तर कोरिया ने क्या चेतावनी दी?**

उत्तर कोरिया ने कहा कि वह 'दुश्मन के सैन्य खतरे को पूरी तरह बेअसर करेगा' और अपने आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेगा।

**दक्षिण कोरिया ने क्या कहा?**

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने भी इससे पहले कहा था कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास रक्षात्मक प्रकृति के हैं। उन्होंने कहा था कि इन अभ्यासों का उत्तर कोरिया पर हमला करने या कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सालाना सैन्य अभ्यास को कम करने के फैसले के बाद आया था। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां हासिल करने की प्रक्रिया में तेजी लाने की भी अपील की।

# ट्रेड वॉर की कगार पर अमेरिका-कनाडा: ट्रंप की डेडलाइन से बढ़ी हलचल; क्या आखिरी वक्त में झुकेंगे कार्नी?




अमेरिका और कनाडा 50% टैरिफ के संभावित टकराव को टालने के लिए आखिरी दौर की बातचीत कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन कनाडा से सैन्य उपकरणों की खरीद, जरूरी खनिजों तक पहुंच और व्यापारिक रियायतें चाहता है, जबकि कनाडा स्टील, एल्युमीनियम और सॉफ्टवुड लकड़ी पर अमेरिकी टैरिफ से राहत की मांग कर रहा है। अमेरिका और कनाडा के बीच टैरिफ विवाद को खत्म करने के लिए बातचीत निर्णायक दौर में पहुंच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार दोपहर 12:01 बजे तक समझौता होने की समयसीमा तय की है। समझौता नहीं होने पर कनाडा से आने वाले करीब 20 अरब डॉलर के सामान पर 50% टैरिफ लगाने की धमकी दी गई है। इनमें हॉकी स्टिक, टंग डिप्रेशर समेत कई उत्पाद शामिल हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और ट्रंप पिछले दो दिनों में दो बार फोन पर बात कर चुके हैं। कार्नी ने बातचीत को 'गहन और नाजुक' बताया है और कहा है कि फिलहाल इसके बारे में सार्वजनिक रूप से ज्यादा चर्चा करना उचित नहीं है। दोनों पक्ष आखिरी समय में किसी समझौते तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।

**दशकों पुराना व्यापार विवाद**

अमेरिका और कनाडा के बीच व्यापार को लेकर विवाद नया नहीं है। दोनों देश सॉफ्टवुड लकड़ी, डेयरी बाजार और अन्य उत्पादों के व्यापार को लेकर लंबे समय से मतभेद रखते आए हैं। इसके बावजूद दोनों करीबी सहयोगी और महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार बने हुए हैं।

**सीमा पार कारोबार बेहद अहम**

करीब 5,525 मील लंबी दोनों देशों की सीमा से रोजाना लगभग 3.3 लाख लोग और करीब 2 अरब डॉलर का सामान गुजरता है। कनाडा के कुल माल निर्यात का लगभग 72% अमेरिका जाता है। इसलिए किसी बड़े व्यापार युद्ध का असर दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ सकता है।

**ट्रंप का बदला हुआ रुख**

ट्रंप का मौजूदा रुख पारंपरिक अमेरिकी-कनाडाई संबंधों से काफी अलग है। उन्होंने कनाडाई उत्पादों पर कई टैरिफ लगाए हैं और कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने जैसी टिप्पणियां भी की हैं। इन नीतियों से कनाडा में अमेरिका के प्रति नाराजगी बढ़ी है और सरकार पर ट्रंप के सामने कड़ा रुख अपनाने का दबाव है।

**अमेरिका की प्रमुख मांगें**

मौजूदा बातचीत में अमेरिका चाहता है कि कनाडा ज्यादा अमेरिकी सैन्य उपकरण खरीदे, जिनमें F-35 लड़ाकू विमान भी शामिल हैं। अमेरिका 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम में कनाडा की भागीदारी और महत्वपूर्ण खनिजों तक बेहतर पहुंच भी चाहता है। इसका उद्देश्य चीन से मिलने वाली रणनीतिक खनिज आपूर्ति पर अमेरिकी निर्भरता कम करना है।

**कनाडा चाहता है टैरिफ में राहत**

दूसरी ओर कनाडा स्टील, एल्युमीनियम और सॉफ्टवुड लकड़ी पर लगाए गए अमेरिकी टैरिफ में राहत चाहता है। अमेरिका का आरोप है कि कनाडाई सॉफ्टवुड उद्योग को सरकार की ओर से अनुचित सब्सिडी मिलती है। कनाडा के लिए बिना ठोस रियायत हासिल किए ट्रंप की मांगों को स्वीकार करना राजनीतिक रूप से भी मुश्किल है।

**धारा 338 से बढ़ा दबाव**

ट्रंप ने कनाडा पर दबाव बढ़ाने के लिए करीब एक सदी पुराने टैरिफ कानून का सहारा लिया है। उन्होंने 1930 के टैरिफ एक्ट की धारा 338 के तहत कनाडाई निर्यात के लगभग 5% हिस्से वाले उत्पादों पर 50% शुल्क लगाया है। ट्रंप का दावा है कि कनाडा अमेरिकी ऑटोमोबाइल, शराब और चीज के निर्यात के साथ भेदभाव करता है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब अमेरिका US-मेक्सिको-कनाडा समझौते (USMCA) पर फिर से बातचीत की तैयारी कर रहा है।

**दोनों पक्षों के लिए समझौता जरूरी**

यदि 50% टैरिफ लागू होता है, तो कनाडा जवाबी शुल्क लगा सकता है और व्यापार युद्ध और गहरा सकता है। इसका असर अमेरिकी आयातकों और अंततः उपभोक्ताओं पर भी पड़ सकता है, क्योंकि कंपनियां बढ़ी लागत को उत्पादों की कीमतों में शामिल कर सकती हैं। नवंबर के मध्यावधि चुनावों से पहले महंगाई ट्रंप प्रशासन के लिए संवेदनशील मुद्दा है। कनाडाई ट्रेड मंत्री डोमिनिक लेब्लांक की अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर से मुलाकात के बाद भी बातचीत जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि दोनों सरकारें वास्तव में टैरिफ युद्ध नहीं चाहतीं, लेकिन राजनीतिक दबाव और राष्ट्रीय हितों के बीच संतुलन बनाना इस समझौते की सबसे बड़ी चुनौती है।

# Bihar Politics: राजभवन मार्च पर राजद नेताओं के साथ निकले तेजस्वी यादव, पूछा- गोलीकांड पर चुप क्यों हैं सीएम




**पटना। बिहार में छात्र आंदोलन, पेपर लीक और कथित गोलीबारी को लेकर सियासी घमासान तेज है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बुधवार को राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ जेपी गोलंबर से राजभवन मार्च पर निकले। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर मार्च को रोक दिया, जिसके बाद तेजस्वी समेत राजद नेता मौके पर डटे रहे। तेजस्वी यादव ने छात्र आंदोलन के दौरान AK-47 से हुई फायरिंग को लेकर सरकार से सवाल किया कि गोली चलाने का आदेश किसने दिया था। उन्होंने दावा किया कि सीवान में तीन लोग गोली लगने से घायल हुए और उनका इलाज पटना के मेदांता अस्पताल में हुआ। तेजस्वी ने आरोपी जवान तक AK-47 पहुंचने और हथियार जारी करने की पूरी प्रक्रिया की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि केवल सिपाही पर कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है। तेजस्वी ने सीवान के एसपी समेत जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, इस्तेमाल किए गए कारतूसों का हिसाब सार्वजनिक करने और फायरिंग की कमांड चेन की जांच कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने छात्रों, युवाओं और आम लोगों से सरकार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। तेजस्वी ने केंद्र और राज्य सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि छात्रों के मुद्दे पर सरकार के बयानों में विरोधाभास है। उन्होंने गोलीकांड की न्यायिक जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। राजभवन मार्च को लेकर पटना में विपक्ष और सरकार के बीच सियासी टकराव और बढ़ने के आसार हैं।**

# विझिंजम बंदरगाह पर आयात-निर्यात शुरू: विदेशी ट्रांसशिपमेंट भारत की निर्भरता, अदाणी का कितना निवेश




**अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट्स से नजदीक होने के क्या लाभ?**
विझिंजम बंदरगाह पर आयात-निर्यात की शुरुआत के बाद सीएम ने कहा कि सरकार रिंग रोड के लिए जमीन अधिग्रहण हेतु 3,200 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी गुप्ता ने कहा कि यह नया गेटवे भारत की आकांक्षाओं को वैश्विक बाजारों से जोड़ता है। उन्होंने पोर्ट को भारत की आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से भी जोड़ा।



केरलम के विझिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट ने पूर्ण रूप से आयात-निर्यात (EXIM) परिचालन शुरू कर दिया है। यह कदम विदेशी ट्रांसशिपमेंट हब पर भारत की निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। केरलम के विझिंजम बंदरगाह पर आयात-निर्यात परिचालन (EXIM) शुरू हो गया है। अदाणी ग्रुप यहां 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करने वाला है। इस परिचालन की शुरुआत केरलम के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन और उद्योग मंत्री पी.के. कुन्हालीकुट्टी समेत अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में हुई। मुख्यमंत्री सतीशन ने इसे "गर्व का क्षण" बताया और कहा कि विझिंजम अब दुनिया के लिए एक गेटवे है। उन्होंने 'मिशन समुद्र' के माध्यम से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने पर जोर दिया।वर्तमान में भारत के 75 फीसदी से अधिक कंटेनर ट्रांसशिपमेंट कार्गो विदेशी बंदरगाहों से संभाले जाते हैं, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ती है। विझिंजम की भौगोलिक स्थिति और 18-20 मीटर का प्राकृतिक ड्राफ्ट इसे विशाल अल्ट्रा लार्ज कंटेनर वेसल्स को संभालने में सक्षम बनाता है। यह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट्स से सिर्फ 10 नॉटिकल मील की दूरी पर है।

**अदाणी समूह का कितना निवेश, क्षमता विस्तार में क्या योगदान?**
अदाणी समूह का विझिंजम परियोजना में कुल निवेश 30,000 करोड़ रुपये तक पहुंचेगा। दूसरे चरण में 16,000 करोड़ रुपये का विस्तार किया जाएगा। इससे पोर्ट की सालाना क्षमता बढ़कर 57 लाख टीईयू (ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट यूनिट) हो जाएगी। इसमें 1,200 मीटर कंटेनर बर्थ, स्थायी रेल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स पार्क जैसे बुनियादी ढांचे जोड़े जाएंगे। पूरे चरण का विकास दिसंबर 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# PNG: पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी, 1 सितंबर से होगी लागू; क्या खास?




**योजना छह-छह महीने की दो किस्तों में लागू होगी**
यह प्रोत्साहन योजना छह-छह महीने की दो किस्तों में लागू होगी। अतिरिक्त एपीएम गैस आवंटन से शहरी गैस वितरण कंपनियां अपने परिवहन क्षेत्र के सीएनजी परिचालन में इस्तेमाल होने वाली अपेक्षाकृत महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की जगह सस्ती गैस का इस्तेमाल कर सकेंगी। इससे गैस खरीद की उनकी कुल लागत कम होगी।

**10 साल से घटकर करीब तीन साल हो सकता है भुगतान अवधि**
सरकार के अनुसार, इससे होने वाली बचत घरेलू पीएनजी कनेक्शन के लिए किए गए पूंजीगत खर्च की भरपाई की अवधि को करीब 10 साल से घटाकर लगभग तीन साल कर सकती है। इससे CGD कंपनियों को नेटवर्क विस्तार तेज करने और अधिक घरों को पाइप्ड कुकिंग गैस से जोड़ने के लिए प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।



सरकार ने घरों में पाइप के जरिये प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना लाने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य देशभर में स्वच्छ और अपेक्षाकृत सस्ता खाना पकाने का ईंधन उपलब्ध कराने के साथ घरेलू पीएनजी कनेक्शन की संख्या बढ़ाना है।केंद्र सरकार ने घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन का विस्तार तेज करने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य देशभर में अधिक से अधिक घरों तक स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती खाना पकाने का ईंधन पहुंचाना है। 'घरेलू पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना' एक सितंबर 2026 से लागू होगी।योजना के तहत सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को बिना बिल वाले पीएनजी कनेक्शनों को सक्रिय और बिल वाले कनेक्शन में बदलने के साथ नए क्षेत्रों में घरेलू पीएनजी नेटवर्क के विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

**हर अतिरिक्त कनेक्शन पर मिलेगा प्रोत्साहन**
देश में फिलहाल करीब 1.74 करोड़ घरेलू पीएनजी कनेक्शन हैं। नई योजना के तहत सीजीडी कंपनियों को उनके संबंधित भौगोलिक क्षेत्रों के लिए तय सीमा से अधिक हासिल किए गए प्रत्येक अतिरिक्त बिल वाले घरेलू पीएनजी कनेक्शन पर प्रोत्साहन मिलेगा। पात्र सीजीडी कंपनियों को प्रदर्शन अवधि के दौरान हासिल किए गए प्रत्येक अतिरिक्त बिल वाले घरेलू पीएनजी कनेक्शन के लिए 200 एससीएम घरेलू स्तर पर उत्पादित कम कीमत वाली एपीएम गैस का अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा, नए पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन प्रक्रिया आसान बनाने के मकसद से एक एकीकृत पीएनजी पंजीकरण पोर्टल विकसित किया जा रहा है। यह एकल खिड़की डिजिटल मंच के रूप में काम करेगा और उपभोक्ताओं को अपने आवेदन की स्थिति पर नजर रखने की सुविधा देगा।

# कर्ज मुक्ति पर पेनल्टी खत्म: RBI के नए नियम से क्या अब बिना किसी चार्ज के बंद होगा आपका पर्सनल लोन? जानिए नियम

**बैंक लोन को समय से पहले चुकाने पर अब नहीं लगेगा भारी जुर्माना। जानिए साल 2026 के लिए आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक) के नए प्रीपेमेंट नियम, फिक्स्ड और फ्लोटिंग ब्याज दरों का अंतर और लोन बंद करने से पहले ध्यान रखने योग्य जरूरी बातें।**

यदि आपको साल के अंत में कोई बोनस मिला है या किसी निवेश से बड़ा मुनाफा हुआ है, तो पहला ख्याल दिमाग में यही आता है कि क्यों न अपना पर्सनल लोन चुकाकर कर्ज का बोझ हल्का कर लिया जाए। लेकिन लंबे समय से भारतीय ग्राहकों को समय से पहले लोन बंद (फोरक्लोजर) करने पर भारी जुर्माने का 'शॉक' लगता रहा है। वित्तीय अनुशासन दिखाने के लिए ग्राहकों को मिलने वाली इस सजा को रिजर्व बैंक ने अब खत्म कर दिया है। साल 2026 के लिए आरबीआई के नए निर्देश लागू होने के बाद लोन प्रीपेमेंट के नियम पूरी तरह बदल गए हैं और अब ग्राहकों का पलड़ा भारी है। फ्लोटिंग-रेट लोन: इसमें ब्याज दरें बाजार के बेंचमार्क के अनुसार घटती-ब बढ़ती रहती हैं। होम लोन या संपत्ति के बदले लोन आमतौर पर इसी श्रेणी में होते हैं। इन पर अब कोई प्रीपेमेंट चार्ज नहीं लगेगा।फिक्स्ड-रेट लोन: इसमें लोन अवधि के अंत तक ब्याज दर और ईएमआई बिल्कुल स्थिर रहती है। साधारण पर्सनल लोन या टू-व्हीलर लोन अक्सर फिक्स्ड-रेट होते हैं। इन पर बैंकों की अपनी नीतियों और लोन एग्रीमेंट के अनुसार प्रीपेमेंट चार्ज जारी रह सकते हैं।







## फिक्स्ड और फ्लोटिंग ब्याज दरों के बीच इस नियम का क्या अंतर है?

## यह समझना बेहद जरूरी है कि आरबीआई की यह राहत हर तरह के लोन पर लागू नहीं होती। आपके लोन की ब्याज दर तय करती है कि आपको जुर्माना देना होगा या नहीं:

**लोन दस्तावेजों की समीक्षा करें:** भुगतान से पहले सेंक्शन लेटर, लोन एग्रीमेंट और की फैक्ट स्टेटमेंट (केएफएस) में दी गई शर्तों को अच्छी तरह पढ़ लें।

**लोन प्रबंधन को आसान बनाने के लिए सही वित्तीय संस्थान चुनना क्यों जरूरी है?**
अक्सर आपात स्थिति में लोग बिना जांचे किसी भी चमकीले विज्ञापन पर क्लिक कर लोन ले लेते हैं, जिससे बाद में भारी नुकसान होता है। किसी प्रतिष्ठित संस्थान के साथ जुड़ने से यह अनुभव काफी आसान हो जाता है।

**(फोरक्लोजर) करने पर भारी जुर्माने का 'शॉक' लगता रहा है।**

**आरबीआई के नए 2026 नियमों से उपभोक्ताओं को क्या बड़ा फायदा मिला है?**
भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सीधे तौर पर फ्लोटिंग ब्याज दर वाले चुनिंदा लोन पर प्रीपेमेंट या फोरक्लोजर चार्ज वसूलने पर रोक लगा दी है। नए नियम के अनुसार, यदि किसी व्यक्तिगत ग्राहक ने गैर-व्यवसायिक उद्देश्य के लिए फ्लोटिंग-रेट पर लोन लिया है और यह लोन 1 जनवरी 2026 या उसके बाद स्वीकृत या रिन्यू हुआ है, तो लेंडर उससे कोई प्रीपेमेंट चार्ज नहीं वसूल सकता। इसके अलावा, ऐसे फ्लोटिंग-रेट लोन पर बैंकों या वित्तीय संस्थानों द्वारा लगाए जाने वाले जबरन लॉक-इन पीरियड को भी आरबीआई ने पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है।




**लोन को समय से पहले बंद करने से पहले आपको कौन से 'स्मार्ट कदम' उठाने चाहिए?**
बिना सोचे-समझे अपनी गाढ़ी कमाई से एकमुश्त लोन का भुगतान करने से बचना चाहिए। पैसे चुकाने से पहले ये तीन जांच जरूर करें:

**ब्याज का प्रकार जांचें:** अपने मूल लोन एग्रीमेंट को निकालकर देखें कि आपका लोन 'फिक्स्ड' है या 'फ्लोटिंग'। इसी से तय होगा कि आपको 2026 के नियमों का लाभ मिलेगा या नहीं।

**ईएमआई कैलकुलेटर का उपयोग करें:** पर्सनल लोन ईएमआई कैलकुलेटर के जरिए तुलना करें कि प्रीपेमेंट करने पर आप ब्याज का कितना पैसा बचा रहे हैं और उसके बदले आपको कितना प्रीपेमेंट चार्ज देना पड़ रहा है। यदि जुर्माना बचत से अधिक है, तो तय समय पर ही भुगतान करना बेहतर है।

# Gold Silver Price: दिल्ली में सोने का भाव 2,000 रुपये उछला चांदी भी चमकी; वैश्विक तनाव से बाजार में हलचल




**वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की क्या स्थिति है?**
वैश्विक स्तर पर हाजिर सोने का कारोबार 0.5 फीसदी की गिरावट के साथ 4,394.57 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर हुआ। चांदी के भाव में भी गिरावट दर्ज की गई। यह एक फीसदी से अधिक गिरकर 65.08 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गई। मीराए एसेट शेयरखान में कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने इस पर टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया से उत्पन्न आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण कच्चा तेल उछला। इसी वजह से सोना 4,392 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास मंडरा रहा था।कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च के सहायक उपाध्यक्ष कायनात चैनवाला ने कहा कि मजबूत अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड और कुछ मुनाफावसूली के कारण हाजिर चांदी में 65 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस की ओर नरमी आई। चैनवाला ने यह भी बताया कि इस गिरावट के बावजूद, बुलियन के लिए व्यापक पृष्ठभूमि सकारात्मक बनी हुई है। इसे नरम फेड दर की उम्मीदों, चीन के नेतृत्व में केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी और स्थिर निवेश मांग से समर्थन मिल रहा है।

दिल्ली में सोने का भाव 2,000 रुपये बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि चांदी भी 730 रुपये चढ़ी। खुदरा विक्रेताओं और जमाखोरों की खरीदारी के साथ पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने धातुओं को सहारा दिया। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार को सोने की कीमत में 2,000 रुपये की बड़ी वृद्धि दर्ज की गई। खुदरा विक्रेताओं और जमाखोरों की बढ़ी हुई खरीदारी के कारण यह लगातार दूसरे सत्र में बढ़त पर रहा। चांदी के भाव में भी 730 रुपये का उछाल आया। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। सोमवार को यह 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी भी 2,40,730 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। यह दो सत्रों तक 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।




# The Bonus Market Update: क्रूड में तेजी और भू-राजनीतिक तनाव से बाजार में बिकवाली जारी, सेंसेक्स 200 अंक लुढका




तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 166.19 अंक गिरकर 77,070.93 पर पहुंच गया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 59 अंक गिरकर 24,096.75 पर आ गया। सेंसेक्स में टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। वहीं, एचसीएल टेक, इंफोसिस, एटर्नल, सन फार्मा और कोटक महिंद्रा बैंक लाभ में रहे। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.67 फीसदी बढ़कर 91.63 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।
जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने बताया कि बाजार में मौजूदा हल्की कमजोरी के दो मुख्य कारण हैं। पहला, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और दूसरा, विश्व स्तर पर बॉन्ड यील्ड में वृद्धि। उन्होंने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से कई महीनों से कच्चे तेल की कीमतें मध्य पूर्व से आने वाली खबरों पर प्रतिक्रिया दे रही हैं। अब इस संघर्ष के परिणाम को लेकर पूरी तरह अनिश्चितता बनी हुई है।

बुधवार को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट जारी रही। सेंसेक्स 200 अंक से अधिक और निफ्टी 24,100 के नीचे बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और अमेरिका-ईरान तनाव ने निवेशक भावना को प्रभावित किया। आइए जानते हैं बाजार का हाल विस्तार से।बुधवार को शुरुआती कारोबार में भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों नीचे आ गए। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और लगातार भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं निवेशकों की धारणा पर भारी पड़ीं। एक विशेषज्ञ ने बताया कि अमेरिका-ईरान के बीच 60 दिन का अस्थायी युद्धविराम बिना किसी ठोस राजनयिक सफलता के समाप्त हो गया। इससे ऊर्जा आपूर्ति में लंबे समय तक व्यवधान की चिंताएं फिर से बढ़ गई हैं। इसी कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंची हो गई हैं। इसके साथ ही, दीर्घकालिक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड भी कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा कि इन सभी कारकों ने वैश्विक वित्तीय बाजारों में व्यापक जोखिम-बंद माहौल बना दिया है।

## कैसे बेटी इनाया नौमी की सुरक्षा करती हैं सोहा अली खान? बोलीं- 'कितनी घिनौनी हरकतें होती.




**Soha Ali Khan On Daughter Inaaya:** अभिनेत्री सोहा अली खान ने हाल ही में अपनी बेटी इनाया की सोशल मीडिया पर कम जानकारी साझा करने पर बात की। एक्ट्रेस ने इसके साथ ही तस्वीरों के दुरुपयोग के डर पर भी अपनी राय रखी। जानिए सोहा ने क्या कहा?

अभिनेत्री सोहा अली खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। हालांकि, बीते कुछ दिनों में उन्होंने अपनी बेटी से जुड़ी पोस्ट साझा करना कम कर दिया है। अब एक कार्यक्रम में उन्होंने इसके पीछे का कारण बताया। सोहा ने कहा कि वह अपनी बेटी की डिजिटल सुरक्षा के लिए ऐसा कर रही हैं।

बेटी इनाया पर क्या बोलीं सोहा?

अभिनेत्री हाल ही में एक इवेंट में पहुंची थीं। जहां उन्होंने अपनी बेटी इनाया से संबंधित जानकारी शेयर की। सोहा ने कहा...

जब इनाया छोटी थी, तब हमने उसकी तस्वीर कई पोस्ट में साझा की थीं।

तब से लेकर अब तक दुनिया बदल गई है और पहले से ज्यादा डरावनी हो गई है।

मुझसे बहुत से लोग सवाल करते हैं कि अब आप उसकी तस्वीर क्यों नहीं पोस्ट करते?

वो कहते हैं कि हम जानते हैं कि आपकी बेटी कैसी दिखती है। आपने पहले भी उसकी तस्वीरें पोस्ट की हैं, तो अब क्यों नहीं?

मैं कहना चाहती हूं कि मैंने पहले कुछ किया है तो इसका मतलब यह नहीं है कि मैं अब जो कर रही हूं उसे बदल नहीं सकती।

## इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद के बाद अपूर्वा मुखीजा ने क्यों बदला अपना ठिकाना? शो को लेकर कही ये बात




**Apoorva Mukhija:** 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद के काफी दिनों के बाद अपूर्व मुखीजा ने अपना ठिकाना बदल लिया है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने यह कमद क्यों उठाया है।

अपूर्वा मुखीजा, जिन्हें रेबेल किड के नाम से भी जाना जाता है, ने हाल ही में बताया है कि वह अब भारत में नहीं रहती हैं। अपूर्वा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर बताया कि वह भारत छोड़कर चली गई हैं। उन्होंने 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद के बाद की स्थिति के बारे में भी बताया।

**क्या बोलीं अपूर्वा?**

अपूर्वा ने बताया कि 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद के बाद उनकी जिंदगी कैसे बदल गई।


उन्होंने माना कि वह बार-बार शो 'कैंसिल' होने और फिर वापसी करने के सिलसिले से थक चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि वह अपने व्लॉग्स में कुछ भी बोलने से पहले खुद को फिल्टर करने की कोशिश करती हैं।

मगर फिर भी उन्हें समझ नहीं आता कि उन्हें 'कैंसिल' क्यों किया जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि कुछ हफ्तों के लिए भी 'कैंसिल' होने से उनके ब्रांड डील्स पर असर पड़ सकता है, जिसका मतलब है कि उनकी कमाई रुक जाती है।

## Hayden Panettiere Death: हेडन पैनेटीयर के निधन के वक्त मौजूद थे उनके बॉयफ्रेंड, पुलिस रिपोर्ट में हुआ खुलासा



Hayden Panettiere: हॉलीवुड अभिनेत्री हेडन पैनेटीयर का 36 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनकी मौत से जुड़े कई तथ्य सामने आ रहे हैं। आइए जानते हैं नई अपडेट क्या है?

मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री हेडन पैनेटीयर का 36 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह 'हीरोज' और 'नैशविले' जैसे शो के लिए मशहूर थीं। हेडन पैनेटीयर के निधन की पुष्टि उनके प्रतिनिधि ने की है।

मंगलवार को जारी पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, हेडन पैनेटियर के बॉयफ्रेंड ब्रायन हिकरसन और उनके भाई जैक हिकरसन उस साउथ कैरोलिना वाले अपार्टमेंट में मौजूद थे, जहां वीकेंड पर एक्ट्रेस की मौत हुई।

**रिपोर्ट में क्या है?**रिपोर्ट में कहा गया है कि रविवार दोपहर ग्रीनविले पुलिस का एक अधिकारी उस अपार्टमेंट में गया। अधिकारी ने देखा कि दोनों भाई एक ऐसी महिला को CPR दे रहे थे जो कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थी। अधिकारी ने बताया, 'मरीज के कोई प्रतिक्रिया न देने का कोई साफ शारीरिक कारण नहीं लग रहा था।' जान बचाने की कोशिशों के बाद, इमरजेंसी कर्मचारियों ने दोपहर 2:31 बजे पैनेटियर को मृत घोषित कर दिया।

**उतार-चढ़ाव भरा रिश्ता**

पैनेटियर और ब्रायन हिकरसन का रिश्ता कई वर्षों तक उतार-चढ़ाव भरा रहा। 37 के अभिनेता ब्रायन हिकरसन पर गर्लफ्रेंट के साथ मारपीट करने के आरोप भी लगे थे। उन्होंने जीवनसाथी या पार्टनर को चोट पहुंचाने के दो आरोपों पर 'नो कॉन्टेस्ट' की दलील दी। इस मामले में कुछ समय जेल में बिताया।

**ऑटोप्सी में नहीं मिले चोट के निशान**

अभिनेत्री की मौत की वजह का अभी पता नहीं चला है। मामले की जांच चल रही है। ऑटोप्सी में चोट या सदमे का कोई निशान नहीं मिला। पुलिस ने कहा कि अधिकारियों को किसी गड़बड़ी या अपराध का कोई संकेत नहीं मिला।

**नशे की लत से जूझ चुकी थीं हेडन**

हेडन पैनेटीयर ने अपनी जिंदगी में नशे की लत से लंबे समय तक संघर्ष किया था। उन्होंने खुद बताया था

## Kartik Aaryan: कैसे चोटिल हुए कार्तिक आर्यन? कबीर खान की अगली फिल्म के लिए कर रहे थे शूटिंग; जानें हेल्थ अपडेट



Kartik Aaryan: कार्तिक आर्यन कबीर खान के साथ अपनी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। तभी उनके घुटने में गंभीर चोट लग गई। बताया जाता है कि एक्टर की सर्जरी होगी।

कबीर खान के निर्देशन में बन रही फिल्म में शूटिंग के दौरान कार्तिक आर्यन के घुटने में चोट लग गई। फिल्म की शूटिंग का आखिरी दौर चल रहा था और अहम एक्शन सीन आखिरी दो दिनों के लिए रखे गए थे, इसी दौरान कार्तिक को चोट लगी। कार्तिक आर्यन जिस फिल्म के लिए शूटिंग कर रहे थे, वह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। अभी इसका नाम तय नहीं किया गया है।

कैसी है कार्तिक आर्यन की तबीयत?मुंबई में शूटिंग कर रहे कार्तिक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

एक्टर के घुटने की सर्जरी भी एक-दो दिन में होगी, जिसके बाद ठीक होने के लिए उन्हें कुछ दिन आराम करना होगा।

वह कबीर की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म की शूटिंग पूरी करने के करीब हैं।

ठीक होते ही उन्हें अपने दूसरे काम भी पूरे करने होंगे।

कब होगी सर्जरी?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्तिक फिल्म में खास सीन की तैयारी के लिए एक्शन कोच के साथ कड़ी ट्रेनिंग कर रहे थे। हालांकि, शूटिंग के दौरान उनके घुटने में गंभीर चोट लग गई और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने इंडिया टुडे को बताया, 'कार्तिक को अब फोर्टिस रहेजा अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टर एक दिन में उनके घुटने की सर्जरी करेंगे, जिसके बाद उन्हें कुछ दिन आराम करना होगा। इसके बाद वे अपने काम पर लौट सकेंगे।'

## Anupam Kher: 71 की उम्र में अनुपम खेर ने जिम क्लब से शेयर की तस्वीरें, लिखी ऐसी बात कि यूजर्स हो गए प्रेरित



**Anupam Kher Post:** दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने हाल ही में जिम क्लब से अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने ऐसा कैप्शन लिखा है कि यूजर्स उनकी काफी तारीफ कर रहे हैं।

अनुपम खेर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह यहां कई मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हैं। अब वह अपने फैंस को फिटनेस के लिए प्रेरित करने लगे हैं। हाल ही में उन्होंने जिम क्लब पहुंच कर वहां, कई पोज दिए हैं। इंस्टाग्राम पर ये तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने एक दिलचस्प कैप्शन लिखा है।

**अनुपम खेर की पोस्ट में क्या है?**

अनुपम खेर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने भूरे रंग के निकर और टीशर्ट में पोज दिए हैं। एक और तस्वीर में वह काले ड्रेस में हैं। एक तस्वीर में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने ये पोज जिम क्लब के अंदर दिए हैं।

# काम करने की कमी महसूस नहीं होती

## बैन लगाने वालों का आतिफ असलम ने किया धन्यवाद




Atif Aslam: पाकिस्तानी सिंगर आतिफ असलम की आवाज के भारत में भी लाखों फैंस हैं। हालांकि, साल 2016 के बाद से वह भारत में काम नहीं कर पाए हैं। अब सिंगर ने इस मामले पर खुलकर अपने विचार रखे हैं। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा। 2016 उरी आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तानी कलाकारों के भारत में काम करने पर रोक लग गई थी। इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (IMPPA) ने भी अपने सदस्यों से पाकिस्तानी कलाकारों और तकनीशियनों को नए प्रोजेक्ट्स में काम न देने का प्रस्ताव पास किया था। इस बैन का असर आतिफ असलम समेत कई पाकिस्तानी कलाकारों पर पड़ा। अब आतिफ ने एक यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान भारत में अपने करीब एक दशक लंबे ब्रेक के बारे में खुलकर बात की। भारत में अपनी गैरमौजूदगी के बारे में बात करते हुए आतिफ असलम ने कहा कि उन्हें भारत में बैन हुए करीब 10 साल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, 'यह भारत सरकार का फैसला था। उन्होंने पाकिस्तान के कलाकारों पर बैन लगाने का फैसला किया। अब पाकिस्तान में भी भारतीय कलाकारों पर बैन है। पिछले 10 साल से मैंने वहां कोई गाना नहीं किया है।' आतिफ असलम ने अपने भारतीय फैंस के लिए भी खास मैसेज दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात से दुखी होने की जरूरत नहीं है। सिंगर ने कहा, 'मैं हमेशा आपको बताना चाहता था कि मुझे आप लोगों की याद आती है। मुझे वहां काम करने की कमी महसूस नहीं होती, लेकिन मुझे आप लोगों की याद

## बिग बॉस मलयालम सीजन 7 की विजेता अभिनेत्री अनुमोल ने रचाई शादी सोशल मीडिया पर साझा किए फोटो



Anumol And Bhuvanesh Wedding: रियलिटी शो बिग बॉस मलयालम सीजन 7 की विनर और चर्चित अभिनेत्री अनुमोल ने शादी कर ली है। उन्होंने एक निजी समारोह में तमिल एक्टर भुवनेश राजेंद्रन के साथ विवाह किया है। चर्चित साउथ अभिनेत्री और बिग बॉस मलयालम सीजन 7 की विजेता अनुमोल ने घर बसा लिया है। उन्होंने एक निजी समारोह में तमिल एक्टर भवुनेश के साथ शादी की है। कपल ने गुरुवायुर मंदिर में पूरे रीति-रिवाज के साथ शादी की है। हालांकि, आयोजन में बहुत ही करीबी लोग और परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

अनुमोल ने शेयर कीं तस्वीरें

अनुमोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शादी की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं। वे गोल्डन कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं। भुवनेश भी मैचिंग कलर के पारंपरिक परिधान में नजर आए।

पारंपरिक रीति-रिवाज से की शादी

अनुमोल और भुवनेश की शादी की खबरें और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दोनों ने पारंपरिक परिधानों में पूरी रीति-रिवाज के साथ एक-दूसरे का हाथ थामा। दोनों की शादी को लेकर पिछले कुछ वक्त से अटकलें लग रही थीं। अब खुद कपल ने शादी की तस्वीरों के साथ इस खबर की पुष्टि कर दी है। अनुमोल ने शादी से पूर्व की कुछ और रस्मों की तस्वीरें और वीडियो भी शेयर की हैं। इनमें हल्दी की रस्म भी शामिल है। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है, 'एक नई शुरुआत का जश्न'। फैंस उन्हें शादी की मुबारकबाद दे रहे हैं। अनुमोल छोटे पर्दे का चर्चित नाम हैं। वे कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। शादी से ठीक पहले अनुमोल ने सोशल मीडिया पर अपने प्री-वेडिंग शूट और पारंपरिक रस्मों की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए थे, जिन्होंने फैंस के बीच काफी सुर्खियां बटोरी थीं। अब शादी की मुख्य तस्वीरें सामने आने के बाद उनके चाहने वाले और तमाम सेलिब्रिटीज सोशल मीडिया पर उन्हें नए सफर की ढेरों बधाइयां दे रहे हैं। कुछ खास दोस्त ही शामिल हुए। इस दौरान अभिनेता और सांसद सुरेश गोपी भी इस विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे।

# Aaj Ka Rashifal 19 August

## इन 5 राशि वालों के लिए लकी रहेगा दिन, बनेंगे सभी अटके काम




**Rashifal 19 August**: जानिए मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि वालों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा।

**Rashifal 19 August**: आज का दिन प्रेम, धन और निवेश के मामलों में आपके लिए क्या खास लेकर आया है? जानें किन राशि वालों को आज मिलेगा लाभ, किसे करना पड़ सकता है चुनौतियों का सामना। पढ़ें सभी 12 राशियों का आज का राशिफल।

### मेष

आज साझेदारी के कामों में आपकी समझदारी और मेहनत रंग लाएगी। अपनी जिम्मेदारियां समय पर पूरी करके आप लोगों का भरोसा जीतने में सफल रहेंगे। हालांकि किसी मुद्दे पर बहस की स्थिति बन सकती है, इसलिए बातचीत में शब्दों का खास ध्यान रखें। दिल की कोई बड़ी इच्छा पूरी होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। कानूनी मामलों में जल्दबाजी करने के बजाय किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना आपके लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

### वृषभ

आज बढ़ते खर्च आपकी जेब पर दबाव डाल सकते हैं, इसलिए आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम बढ़ाएं। विरोधी आपकी राह में अड़चन डालने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन धैर्य और सूझबूझ से आप उन्हें मात दे देंगे। प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बन सकती है और लोन लेने पर भी विचार कर सकते हैं। भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। मामा पक्ष से धन लाभ या कोई अच्छी आर्थिक खबर मिलने की संभावना है।

### मिथुन

आज आपकी पहचान और मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, जिससे आपको गर्व और खुशी दोनों महसूस होंगे। हालांकि, पिता की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता बनी रह सकती है। यात्रा के दौरान अनजान लोगों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। किसी छोटी बात को लेकर मन परेशान हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर आपके अधिकांश काम सफलता के साथ पूरे होंगे।

### कर्क

आज भाग्य आपके साथ खड़ा नजर आएगा। काम के सिलसिले में यात्रा हो सकती है और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी से मन को सुकून मिलेगा। माता-पिता का सहयोग आपके कई रुके हुए काम पूरे कराने में मदद करेगा। करियर में अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखें और अनावश्यक विवादों से दूर रहें। परिवार में किसी सदस्य की नौकरी से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे पूरे घर का माहौल खुशनुमा हो जाएगा।

### सिंह

आज कमाई बढ़ाने के कई नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं और आप उनका भरपूर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। किसी कानूनी मामले को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है, इसलिए जरूरी कागजात और सलाह को लेकर सतर्क रहें। दोस्तों के साथ घूमने या पार्टी का कार्यक्रम बन सकता है। सिंगल लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होने की संभावना है। कारोबार के अटके हुए काम भी आज गति पकड़ सकते हैं।

### कन्या

आज आपके भीतर नई ऊर्जा और कुछ अलग करने का उत्साह रहेगा। अपनी समझदारी और कार्यकुशलता से आप दूसरों को प्रभावित करेंगे। नया वाहन खरीदने की योजना बन सकती है और काम करने की क्षमता में भी बढ़ोतरी होगी। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपका दिन बना सकती है। हालांकि, पैसों से जुड़े मामलों में सावधानी बरतें और बिना जरूरत के खर्च करने से बचें।

### तुला

आज भावनाओं के बजाय समझदारी से फैसले लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। जल्दबाजी में उठाया गया कोई कदम नुकसान पहुंचा सकता है। जीवनसाथी के साथ खूबसूरत समय बिताने का अवसर मिलेगा और रिश्ते में नजदीकी बढ़ेगी। दूसरी ओर, बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है, जो आगे आपके काम आएगी। सेहत से जुड़ी छोटी परेशानी को भी नजरअंदाज न करें।

### वृश्चिक

आज किसी बड़े जोखिम में पैसा या समय लगाने से बचना ही समझदारी होगी। कारोबार में तकनीकी समस्या या कोई छोटी अड़चन परेशानी दे सकती है। किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर फैसला न लें और हर बात की अच्छी तरह जांच कर लें। सही साझेदार के साथ काम करने पर फायदा मिलेगा। परिवार में शादी-विवाह से जुड़ी कोई पुरानी अड़चन दूर हो सकती है। आपकी साफगोई को कोई गलत समझ सकता है, इसलिए अपनी बात थोड़ी संतुलित भाषा में रखें।

### धनु

आज आलस्य आपके लिए सबसे बड़ी परेशानी बन सकता है। काम को टालते रहेंगे तो छोटी समस्या भी बड़ी हो सकती है, इसलिए सक्रिय रहना जरूरी है। घर में बदलाव या सजावट का मन बनेगा, लेकिन टालमटोल के कारण योजना अटक सकती है। नौकरी में काम का दबाव बढ़ेगा, फिर भी भाग्य का साथ मिलने से आप परिस्थितियों को संभाल लेंगे। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में मन लगेगा। बोलने से पहले सोच लेना आज आपके लिए बेहद जरूरी रहेगा।

### मकर

आज लाभ के अच्छे संकेत मिल रहे हैं। दांपत्य जीवन में चल रही परेशानियां धीरे-धीरे दूर होंगी और रिश्ते में फिर से मधुरता आएगी। किसी नए व्यक्ति से दोस्ती हो सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए महत्वपूर्ण साबित हो। आपके नए प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। हालांकि, जीवनसाथी की भावनाओं को नजरअंदाज न करें, वरना छोटी बात नाराजगी में बदल सकती है। लंबे समय से अटका हुआ धन भी वापस मिलने की उम्मीद है।

### कुंभ

आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। काम से जुड़ी किसी बात पर बहस हो सकती है, फिर भी आपकी ऊर्जा और आत्मविश्वास आपको स्थिति संभालने में मदद करेंगे। परिवार में तालमेल बना रहेगा। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। अपने किए हुए वादों को पूरा करने की कोशिश करें। विरोधियों की चाल को समझकर आप उन्हें मात देने में सफल रहेंगे।

### मीन

आज आपको जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में संतुलन बनाकर चलना होगा। सोच-समझकर लिए गए फैसले आपकी तरक्की का रास्ता खोलेंगे। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ा अवसर मिल सकता है। अपनी किसी समस्या को टालते रहने के बजाय उसका समय रहते समाधान निकालें। घर में किसी नए मेहमान के आने से खुशियों का माहौल बनेगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है और मेहनत का उचित परिणाम मिलने की उम्मीद है।

# Aaj Ka Love Rashifal

## इन 4 राशि वालों के बनेंगे विवाह योग, जीवन में होगी किसी खास की दस्तक



**Love Rashifal Today**: 19 अगस्त 2026 का लव राशिफल प्रेम और रिश्तों के लिहाज से खास संकेत लेकर आया है। जानिए आज मेष से मीन तक सभी राशियों की लव लाइफ कैसी रहेगी, पार्टनर के साथ प्यार बढ़ेगा या किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है।

**Love Rashifal 19 August**: चंद्र राशि की गणना के आधार पर आज का लव राशिफल जानें और समझें कि आपके रिश्तों में क्या नया होने वाला है। प्रेम के मामले में किस राशि के जातकों के लिए दिन रहेगा खास और किसे रिश्तों में थोड़ा संभलकर आगे बढ़ने की जरूरत होगी। आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों के लिए आज प्रेम के मामले में दिन कैसा रहेगा।

# Budh Gochar

## सिंह राशि में बुध के गोचर से बनेगा बुधादित्य राजयोग, बदलेगी इन 6 राशियों की किस्मत




**Mercury Transit In Leo 2026:** 22 अगस्त 2026 को बुध सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। वे 7 सितंबर 2026 को दोपहर 1 बजकर 35 मिनट तक इसी राशि में स्थित रहेंगे।

**Budh Gochar In Singh Rashi 2026**: वैदिक ज्योतिष में बुध को ग्रहों का राजकुमार कहा जाता है। यह बुद्धि, वाणी, तर्क, शिक्षा, व्यापार और विश्लेषण क्षमता का प्रतिनिधित्व करते हैं। बुध का राशि परिवर्तन व्यक्ति की सोच, बातचीत और निर्णय लेने की क्षमता पर प्रभाव डाल सकता है। 22 अगस्त 2026 को शाम 7 बजकर 33 मिनट पर बुध सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। वे 7 सितंबर 2026 को दोपहर 1 बजकर 35 मिनट तक इसी राशि में स्थित रहेंगे।

सिंह राशि सूर्य के स्वामित्व वाली अग्नि तत्व की राशि है। बुध के यहां गोचर करने से आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने की क्षमता बढ़ सकती है। रचनात्मक सोच को बल मिलेगा और निर्णय लेने में तेजी आएगी। इस दौरान सूर्य और बुध की युति भी बनेगी, जिससे बुधादित्य योग का निर्माण होगा। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार, इस योग और बुध गोचर का विशेष लाभ 6 राशियों को मिल सकता है।

# Sawan Fourth Somwar 2026

## सावन का आखिरी सोमवार पलट देगा इन राशियों की किस्मत, करियर में आएगा बड़ा बदलाव




**Sawan Fourth Somwar 2026:** सावन का चौथा सोमवार कुछ राशि वालों के लिए लाभकारी हो सकता है। जातकों को महादेव की कृपा के साथ-साथ विशेष लाभ की प्राप्ति भी संभव है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**Sawan Fourth Somwar 2026**: इस बार सावन का आखिरी सोमवार 24 अगस्त 2026 को पड़ रहा है। इस दिन सूर्य और बुध का शक्तिशाली योग बुधादित्य राजयोग बन रहा है। इसके अलावा पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र और प्रीति योग भी रहेगा। वहीं, शनि, गुरु और मंगल का शुभ प्रभाव भी राशियों पर बना रहेगा। ऐसे में सावन का आखिरी सोमवार कुछ राशि वालों के लिए बेहद लाभकारी हो सकता है। यह समय जीवन में कई सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है और अटके हुए काम भी मनचाहे तरीके से पूरे होने की संभावना रहेगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि किन राशियों के लिए यह समय भाग्यशाली साबित हो सकता है।

## Aaj Ka Ank Jyotish 19 August: इन 4 मूलांकों के लोगों का उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा दिन, पढ़ें आज का पूरा राशिफल

**Numerology Prediction Today:** 19 अगस्त 2026 का अंक ज्योतिष आपके लिए करियर, धन, प्रेम और पारिवारिक जीवन से जुड़े खास संकेत लेकर आया है। जानिए जन्मतिथि के आधार पर आज मूलांक 1 से 9 तक का दिन कैसा रहेगा और आपका शुभ अंक क्या है।

**मूलांक 1**

आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। आपको कोई पुरानी बात परेशान कर सकती है। मानसिक तनाव से बचने के लिए खुद का विशेष ध्यान रखें। हालांकि, परिवार के साथ समय बिताने से मन हल्का और बेहतर महसूस होगा।

**मूलांक 2**

आज शोध संबंधी विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में आज आपको लाभ मिलने के संकेत हैं। नौकरी की तलाश भी पूरी होगी और मनचाहा अवसर हाथ लग सकता है।

# IND vs SL Live Score

## 53 पर श्रीलंका को तीसरा झटका मानव सुथार ने चांदीमल के बाद उदारा को भेजा पवेलियन




India vs Sri Lanka 1st Test Day-3 Live Updates: नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। भारत और श्रीलंका के बीच गॉल में जारी टेस्ट का आज तीसरा दिन है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। पिछले दो दिन बारिश ने काफी खेल बर्बाद किया है। आज भी स्थानीय मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावना जताई है। भारत ने अपनी पहली पारी में 462 रन बनाए।

**IND vs SL Live: श्रीलंका को तीसरा झटका**

श्रीलंका को 53 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। पारी के 14वें ओवर में मानव सुथार ने लाहिरू उदारा को यशस्वी के हाथों कैच कराया। वह 44 गेंद में 27 रन बना सके। फिलहाल कामिंदु मेंडिस और कप्तान धनंजय डिसिल्वा क्रीज पर हैं। भारत ने धीरे धीरे मैच पर पकड़ बनाना शुरू कर दिया है। दो दिन बारिश से प्रभावित रहने के बावजूद भारतीय गेंदबाज टीम को मैच में पकड़ बनाने में मदद कर रहे हैं। फॉलोऑन बचाने के लिए श्रीलंका को 263 रन बनाने हैं। ये मानव का दूसरा विकेट रहा। इससे पहले उन्होंने दिनेश चांदीमल को आउट किया था।

**IND vs SL Live: श्रीलंका को दूसरा झटका**

श्रीलंका को पारी के आठवें ओवर में 27 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहली बार गेंदबाजी में बदलाव किया और स्पिनर मानव सुथार को लेकर आए। सुथार ने अपनी पहली ही गेंद पर अनुभवी दिनेश चांदीमल को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। चांदीमल चार रन ही बना सके। फिलहाल लाहिरू उदारा और कामिंदु मेंडिस क्रीज पर हैं। श्रीलंकाई पारी की शुरुआत हुई तो लाहिरू उदारा और निशान फर्नांडो बल्लेबाजी के लिए आए। हालांकि, पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने श्रीलंका को झटका दिया। सिराज ने निशान को पडिक्कल के हाथों कैच कराया। वह खाता भी नहीं खोल सके। फिलहाल दिनेश चांदीमल और उदारा क्रीज पर हैं। तीसरे दिन पहले ही ओवर में असिथा फर्नांडो ने प्रसिद्ध कृष्णा को आउट कर दिया। इस तरह से भारत की पहली पारी 462 रन पर समाप्त हुई। प्रसिद्ध दो रन बना सके।

# गॉल टेस्ट पर बारिश का साया

## भारत की WTC फाइनल की उम्मीदों पर भी मंडराया खतरा? 462 बनाने के बाद भी ड्रॉ का डर



भारत और श्रीलंका के बीच गॉल टेस्ट में बारिश लगातार खेल का मजा किरकिरा कर रही है। भारत ने 462 रन बनाकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है, लेकिन दो दिनों में काफी समय बारिश की भेंट चढ़ चुका है। अब मौसम के पूर्वानुमान ने भारत की जीत और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की उम्मीदों को चिंता में डाल दिया है। गॉल में भारत और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने बल्ले से अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है, लेकिन अब बारिश भारत की सबसे बड़ी चिंता बन गई है। भारत ने अपनी पहली पारी में 462 रन बनाए, मगर मैच में अब तक जितना समय बारिश के कारण खराब हुआ है, उसे देखते हुए मुकाबले का नतीजा निकलना मुश्किल होता जा रहा है। भारत ने तीसरे दिन नौ विकेट पर 460 रन से आगे खेलना शुरू किया और दो रन बनाने में आखिरी विकेट गंवा दिया। इससे पहले दो दिन बारिश के कारण खेल प्रभावित हुआ था। दूसरे दिन स्थिति और खराब रही और खेल दोपहर 2:35 बजे शुरू हो सका। दिन में केवल 43 ओवर का खेल संभव हुआ। भारत ने अपने पहले दिन के 288/2 के स्कोर में 172 रन जोड़े, लेकिन इस दौरान उसके सात विकेट भी गिर गए।

**पडिक्कल का शानदार शतक, 167 रन पर थमी पारी**

भारत की पहली पारी की सबसे बड़ी कहानी देवदत्त पडिक्कल की 167 रन की शानदार पारी रही। उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में धैर्य के साथ बल्लेबाजी की और भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उनके अलावा केएल राहुल ने 82 रन बनाए, जबकि ध्रुव जुरेल ने 51 रन की उपयोगी पारी खेली। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने भी योगदान दिया, जिससे भारत 450 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रहा। श्रीलंका के स्पिनरों ने दूसरे दिन वापसी की कोशिश जरूर की। प्रभात जयसूर्या ने चार विकेट लिए, जबकि डेब्यू कर रहे केशारा नुवांथा ने तीन विकेट अपने नाम किए। नुवांथा ने नई गेंद के साथ ऋषभ पंत और केएल राहुल को लगातार झटके देकर भारत की रफ्तार पर ब्रेक लगाने की कोशिश की। इसके बावजूद भारत ने दूसरे दिन का अंत 460/9 के मजबूत स्कोर के साथ किया। पिच के समय के साथ और टूटने की संभावना है। ऐसे में भारतीय स्पिनरों को श्रीलंकाई बल्लेबाजों के खिलाफ फायदा मिल सकता है।

# ODI World Cup 2027

## वनडे विश्वकप को लेकर हरभजन की कोच गंभीर को खास सलाह

### 4-5 महीने पहले ही ऐसा कर लेने को कहा



वनडे विश्व कप 2027 में अब करीब एक साल का वक्त है, लेकिन टीम इंडिया को लेकर मंथन अभी से तेज है। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कोच गौतम गंभीर को खास सलाह देते हुए टीम को विश्व कप से चार-पांच महीने पहले तक तय करने की बात कही है। सवाल है कि गंभीर कब तक प्रयोग जारी रखेंगे? वनडे विश्वकप 2027 को आने में अभी लगभग एक साल का वक्त बचा है। हालांकि, सभी टीमें इसकी तैयारियों में जुट गई हैं। कुछ टीमें लगातार प्रयोग कर रही हैं, वहीं कुछ टीमों की नजर अपने कोर खिलाड़ियों को लगातार मौका देने पर है। इसी कड़ी में भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर को खास सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि गंभीर को अभी जितने प्रयोग करने हैं कर लें, लेकिन विश्वकप शुरू होने से चार-पांच महीने पहले टीम तय करना होगा और उन्हें पता होना चाहिए कि कौन से 15 खिलाड़ी विश्वकप खेलने जा रहे हैं।

**भज्जी ने गंभीर को क्या दी सलाह?**

न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में हरभजन ने कहा, 'भारतीय टीम में कई विकल्प हैं और उनमें से किसी एक को चुनना बेहद मुश्किल है। लेकिन गौतम गंभीर और उनकी कोचिंग टीम को कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्हें उन वेन्यू और कंडीशन का पता करना होगा, जिनमें भारत 2027 वनडे विश्वकप खेलने जा रहा है। गंभीर को फिर उसी के मुताबिक टीम बनानी होगी। एक साल का समय पर्याप्त समय है। मेरा मानना है कि विश्व कप शुरू होने से चार-पांच महीने पहले तक टीम तय हो जानी चाहिए। उन्हें कई चीजों को ध्यान में रखना होगा और अभी से प्रयोग करने होंगे, ताकि उन खिलाड़ियों की पहचान की जा सके जो टूर्नामेंट के दौरान भारत के लिए अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा सकें।'

**टीम में कई विकल्प होना अच्छा सिरदर्द'**

हरभजन ने कहा, 'भारत के पास कई विकल्प हैं। जब आपके पास कई विकल्प होते हैं तो यह एक अच्छा सिरदर्द है।

# हरभजन ने समझाया कोहली और धोनी की कप्तानी में अंतर

## गंभीर पर कहा- वह दिल के अच्छे लोगों को सच पसंद नहीं



पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी के बीच अंतर बताते हुए कहा कि कोहली ने टीम की सोच बदल दी। उन्होंने फिटनेस और फील्डिंग में कोहली के योगदान को भी अहम बताया। वहीं, गौतम गंभीर का बचाव करते हुए हरभजन ने कहा कि वह दिल के अच्छे हैं और सच बोलते हैं। भारतीय क्रिकेट में विराट कोहली और एमएस धोनी की कप्तानी के अंदाज में क्या फर्क था और मौजूदा कोच गौतम गंभीर को लेकर लोगों की राय क्यों अलग है? पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने दोनों मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कोहली की कप्तानी की सबसे बड़ी खासियत बताते हुए गंभीर का भी बचाव किया और कहा कि वह दिल के अच्छे इंसान हैं, लेकिन लोगों को उनका सच बोलना पसंद नहीं आता। हरभजन ने 2010-11 के ऑस्ट्रेलिया दौरे का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय कोहली ने रन बनाने के साथ-साथ टीम की सोच पर भी असर डालना शुरू कर दिया था। उनके मुताबिक, धोनी की कप्तानी में जहां कई बार मुश्किल लक्ष्य को हासिल करना लगभग असंभव माना जाता था, वहीं कोहली का रवैया था कि लक्ष्य कितना भी बड़ा हो, उसे हासिल करने की कोशिश जरूर की जानी चाहिए। हरभजन ने कहा, 'विराट ने जो सबसे सरल बदलाव किया, वह मानसिकता का था। टेस्ट के पांचवें दिन कई बार ऐसी स्थिति आती थी जब हमें लगता था

# AFG vs IRE ODI: दो शतक 231 रन की साझेदारी और बना ऐतिहासिक स्कोर आयरिश गेंदबाजों पर हावी हुए अफगानी बल्लेबाज




सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान के शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ 343/9 का स्कोर बनाया। यह वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान का सबसे बड़ा स्कोर है, जबकि अटल-जादरान ने दूसरे विकेट के लिए 231 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ चौथे वनडे मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए इतिहास रच दिया। सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान के शानदार शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 343 रन बनाए। यह वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 339 रन था, जो उसने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।

अटल-जादरान ने संभाली पारीटॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 12 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल ने पारी को संभालते हुए आयरिश गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 220 गेंदों में 231 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह अफगानिस्तान की ओर से दूसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है

**आखिरी ओवरों में लड़खड़ाई अफगानिस्तान की टीम**

अटल और जादरान के आउट होने के बाद अफगानिस्तान की पारी थोड़ी धीमी पड़ गई। दरविश रसूली ने 14 गेंदों में 24 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई 12 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रहमत शाह सिर्फ 2 रन बना सके। राशिद खान ने 10 गेंदों में 11 रन बनाए, जबकि हशमतुल्लाह शाहिदी 7 रन बनाकर नाबाद रहे। गजनफर खाता नहीं खोल सके। अफगानिस्तान ने आखिरी दो ओवरों में तीन विकेट गंवाए, जिसके कारण टीम 350 रन का आंकड़ा पार करने से चूक गई। आयरलैंड की ओर से बायरन मैकडोनो ने तीन विकेट लिए, जबकि मार्क रिचर्ड एडायर और गेविन होए को दो-दो सफलता मिली। 339 रन का रिकॉर्ड टूटा

अफगानिस्तान के 343 रन के साथ ही टीम ने अपना पिछला वनडे रिकॉर्ड तोड़ दिया। उसने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ बनाए 339/6 के स्कोर को पीछे छोड़ते हुए वनडे क्रिकेट में अपना नया सर्वोच्च स्कोर बनाया। अटल और जादरान की शतकीय पारियों ने इस ऐतिहासिक स्कोर की नींव रखी। इब्राहिम जादरान ने शानदार लय में बल्लेबाजी करते हुए 118 गेंदों में 107 रन बनाए। उनकी पारी में 11 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं, सेदिकुल्लाह अटल ने इससे भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 120 गेंदों में 143 रन ठोक दिए। उन्होंने अपनी पारी में 17 चौके और चार छक्के लगाए। अटल और जादरान की यह साझेदारी 50 ओवर के प्रारूप में अफगानिस्तान की किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इसके अलावा, यह अफगानिस्तान के वनडे इतिहास में केवल चौथा मौका जब एक ही मैच में टीम के दो बल्लेबाजों ने शतक लगाए हैं।

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**
**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**
**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक**
**निर्भय कुमार सेंगर**
**के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन,**
**विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**
**(उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













